प्रादर्श प्रश्न-पत्र
हिंदी-१२वीं (प्रथम सत्र)

निर्देश- प्रस्तुत गद्यांश को पढ़िए और उचित विकल्पों का चयन करके उत्तर दीजिये –

चौराहे पर खड़ा है, सदा से ठूँठ नहीं है। एक दिन थे, जब वह हरा भरा था और उस जनसंकुल चौराहे पर अपनी छतनार डालियों से बटोहियों की थकान अनजाने दूर करता था। पर मैंने उसे सदा ठूँठ ही देखा है। पत्रहीन, शाखाहीन, निरवलंब, जैसे पृथ्वीरूपी आकाश से सहसा निकलकर अधर में ही टंग गया हो। रात में वह काले भूत-सा लगता है, दिन में उसकी छाया इतनी गहरी नहीं हो पाती जितना काला उसका जिस्म है और अगर चितेरे को छायाचित्र बनाना हो तो शायद उसका-सा 'अभिप्राय' और न मिलेगा। प्रचंड धूप में भी उसका सूखा शरीर उतनी ही गहरी छाया ज़मीन पर डालता जैसे रात की उजियारी चांदनी में।जब से होश संभाला है, जब से आंख खोली है, देखने का अभ्यास किया है, तब से बराबर मुझे उसका निस्पंद, नीरस, अर्थहीन शरीर ही दीख पड़ा है। पर पिछली पीढ़ी के जानकार कहते हैं कि एक जमाना था जब पीपल और बरगद भी उसके सामने शरमाते थे और उसके पत्तों से, उसकी टहनियों और डालों से टकराती हवा की सरसराहट दूर तक सुनाई पड़ती थी। पर आज वह नीरव है, उस चौराहे का जवाब जिस पर उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम चारों ओर की राहें मिलती हैं और जिनके सहारे जीवन अविरल बहता है। जिसने कभी जल को जीवन की संज्ञा दी, उसने निश्चय जाना होगा कि प्राणवान जीवन भी जल की ही भांति विकल, अविरल बहता है। सो प्राणवान जीवन, मानव संस्कृति का उल्लास उपहार लिए उन चारों राहों की संधि पर मिलता था जिसके एक कोण में उस प्रवाह से मिल एकांत शुष्क आज वह ठूँठ खड़ा है। उसके अभाग्यों परंपरा में संभवतः एक ही सुखद अपवाद है – उसके अंदर का स्नेहरस सूख जाने से संज्ञा का लोप हो जाना। संज्ञा लुप्त हो जाने से कष्ट की अनुभूति कम हो जाती है।

प्रश्न१. जनसंकुल का क्या आशय है?

a. जनसंपर्क
b. भीड़भरा
c. जनसमूह
d. जनजीवन

प्रश्न२. आम की छतनार डालियों के कारण क्या होता था?

a. यात्रियों को ठंडक मिलती थी
b. यात्रियों को विश्राम मिलता था
c. यात्रियों की थकान मिटती थी
d. यात्रियों को हवा मिलती थी

प्रश्न३. शाखाहीन, रसहीन, शुष्क वृक्ष को क्या कहा जाता है?

a. नीरस वृक्ष
b. जड़ वृक्ष

c. ठूँठ वृक्ष
d. हीन वृक्ष

प्रश्न४. आम के वृक्ष के सामने पीपल और बरगद के शरमाने का क्या कारण था?

a. उसका अधिक हरा-भरा और सघन होना
b. हवा की आवाज सुनाई देना
c. अधिक फल फूल लगना
d. अधिक ऊँचा होना

प्रश्न५.आम के अभागेपन में संभवतः एक ही सुखद अपवाद क्या था?

a. उसका नीरस हो जाना
b. संज्ञा लुप्त हो जाना
c. सूख कर ठूँठ हो जाना
d. अनुभूति कम हो जाना

प्रश्न६.आम का वृक्ष कहाँ स्थित था?

a. बाग़ में
b. खेत में
c. चौराहे पर
d. नदीतट पर

प्रश्न७.जल को किस तत्त्व की संज्ञा दी जाती है ?

a. मिठास
b. अमृत
c. जीवन
d. विनाश

प्रश्न८.संज्ञा लुप्त हो जाने के पश्चात क्या प्रभाव पड़ता है ?

a. कष्ट नहीं होता
b. सूख जाता है
c. मृत हो जाता है
d. अंधत्व आ जाता है

प्रश्न९.पेड़ का तना कैसा है ?

a. भूरा
b. हरा
c. काला
d. टूटा

प्रश्न१०. निम्नलिखित में से क्या पेड़ की विशेषता नहीं है ?

a. ठूंठ
b. शाखाहीन
c. नीरव
d. मदमस्त

निर्देश- निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर दें -

तेरे-मेरे बीच कहीं है एक घृणामय भाईचारा।
संबंधों के महासमर में तू भी हारा मैं भी हारा॥
बँटवारे ने भीतर-भीतर
ऐसी-ऐसी डाह जगाई।
जैसे सरसों के खेतों में
सत्यानाशी उग-उग आई ॥
तेरे-मेरे बीच कहीं है टूट-अनटूटा पतियारा।।
संबंधों के महासमर में तू भी हारा मैं भी हारा॥
अपशब्दों की बंदनवारें
अपने घर हम कैसे जाएँ।
जैसे साँपों के जंगल में
पंछी कैसे नीड़ बनाएँ।
तेरे-मेरे बीच कहीं है भूला-अनभूला गलियारा।
संबंधों के महासमर में तू भी हारा मैं भी हारा॥
बचपन की स्नेहिल तसवीरें
देखें तो आँखें दुखती हैं।
जैसे अधमुरझी कोंपल से
ढलती रात ओस झरती है।
तेरे-मेरे बीच कहीं है बूझा-अनबूझा उजियारा।
संबंधों के महासमर में तू भी हारा मैं भी हारा॥

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए-

प्रश्न११.कविता में किस बँटवारे की बात हो सकती है?

a. दो भाइयों का बँटवारा
b. दो देशों के बीच का बँटवारा
c. संपत्ति का बँटवारा
d. दो शरणार्थियों के बीच का बँटवारा

प्रश्न१२.'तेरे-मेरे बीच कहीं है एक घृणामय भाईचारा' का भाव है–

a. परस्पर संबंधों में इतनी घृणा हो गई कि भाईचारा कहाँ रह गया।
b. जब परस्पर संबंधों में दरार आ जाती है तो भाईचारे का प्रश्न ही नहीं उठता।

c. परस्पर संबंधों के बीच घृणा के बीज बोए गए फिर भी भाईचारा बना रहा।
d. बँटवारे में घृणा के सिवाय और कुछ नहीं।

प्रश्न१३.सरसों के खेतों में सत्यानाशी' किसे कहा गया है?

a. काम बिगाड़ने वाले लोगों को
b. दीमक को
c. लोगों को
d. ईर्ष्याभाव को

प्रश्न१४.अपशब्दों की बंदनवारें कैसे प्रभावित करती हैं?

a. मनुष्य को परेशान करती हैं
b. अपनों से मिलने से रोकती हैं
c. सजावट के काम आती हैं
d. मेल-मिलाप की गुंजाइश नहीं रह जाती

प्रश्न१५.बचपन की तसवीरें क्या आशा जगाती हैं?

a. मलिनता धुल जाएगी और उजाला होगा
b. यौवन ठीक-ठाक गुजरेगा
c. घर के बुजुर्ग शांति स्थापित कर पाएँगे
d. बीता हुआ बचपन लौट आएगा

प्रश्न-१६.'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी कैसी कविता है?

a. दया की

b. परोपकार की

c. वात्सल्य की

d. क्रूरता की

प्रश्न-१७.कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में मीडिया एक साथ क्या दिखाना चाहता है?

a. सामान्य व्यक्ति की दुर्दशा और खुशी
b. समाचार और खेल
c. दर्शक और अपाहिज को रोते
d. नए और पुराने कार्यक्रम

प्रश्न-१८.'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में समर्थ शक्तिवान किसे कहा गया है?

a. कैमरामैन को
b. अपाहिज को

c. दर्शकों को
d. दूरदर्शन वालों को

प्रश्न-१९.दूरदर्शन वाले बंद कमरे में किसे लाया गया था?

a. दुर्बल को
b. सबल को
c. अपंग को
d. बीमार को

प्रश्न-२०.अपाहिज के होठों पर क्या दिखाई देता है?

a. उलझन
b. कसमसाहट
c. पीड़ा
d. मुस्कान

प्रश्न-२१.कैमरे वाला किन्हें साथ-साथ रुलाना चाहता है?

a. नायक-नायिका
b. कर्मचारी-नेता
c. अपाहिज-दर्शक
d. स्त्री-पुरुष

प्रश्न-२२.'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता के कवि कौन हैं?

a. रघुवीर सहाय
b. रवि कुमार
c. कुंवर नारायण
d. दुष्यंत

प्रश्न-२३. मीडिया वाले स्वयं को क्या मानते हैं?

a. सशक्त
b. दुर्बल
c. समर्थ
d. निर्जीव

प्रश्न-२४.मीडिया वाले दूरदर्शन पर क्या बोलेंगे?

a. हम अशक्त और अज्ञानी हैं
b. हम बेकार और बेकरार हैं
c. हम समर्थ और शक्तिवान हैं
d. हम अपंग और लाचार हैं

प्रश्न-२५.अपाहिज से कार्यक्रम-संचालक किस प्रकार के प्रश्न पूछता है?

a. अर्थपूर्ण
b. तर्कसंगत
c. भावपूर्ण
d. अर्थहीन

प्रश्न-२६.अपाहिज क्या नहीं बता पाएगा?

a. अपना सुख
b. अपना दुःख
c. अपनी कहानी
d. अपनी शक्ति

प्रश्न-२७.कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए हम अपाहिज को क्या करते हैं?

a. रुलाते हैं
b. हँसाते हैं
c. नचाते हैं
d. दान देते हैं

प्रश्न-२८. गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्म कब हुआ था ?

a. १९८१
b. १९३३
c. १९२०
d. १९१७

प्रश्न-२९.'सहर्ष स्वीकारा है' का अर्थ क्या है ?

a. प्रसन्नता से स्वीकार करना
b. किसी भी रूप में स्वीकार करना
c. अस्वीकार न करना
d. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न-३०. 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में कवि ने किसको संबोधित किया है ?

a. ईश्वर को
b. माँ को
c. प्रिय को
d. जनता को

प्रश्न-३१. कवि के लिए गरीबी कैसी है ?

a. सुंदर
b. निर्मम
c. गरबीली
d. भयानक

प्रश्न-३२.जो कुछ भी जाग्रत है अपलक है संवेदन तुम्हारा है - में से तत्सम शब्द बताएं ?

a. जाग्रत
b. संवेदन
c. i और ii दोनों
d. कुछ नहीं

प्रश्न-३३.सहर्ष स्वीकारा है कविता के रचयिता कौन है?

a. रघुवीर सहाय
b. गजानन माधव मुक्तिबोध
c. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
d. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न-३४.सहर्ष स्वीकारा है - कविता में कवि की आत्मा कैसी हो गई है ?

a. अक्षम
b. दृढ़
c. संवेदनशील
d. निडर

प्रश्न-३५.'पाताली अँधेरे की गुहाओं में - यहाँ गुहा शब्द का क्या अर्थ है ?

a. घर
b. गुफा
c. पहाड़
d. खेत

प्रश्न-३६. पाताली अँधेरे की गुहाओं में विवरों में - यहाँ विवर शब्द का क्या अर्थ है ?

a. गुफा
b. विचार
c. बिल
d. सड़क

प्रश्न-३७. कवि ने अपनी प्रिय के चेहरे की तुलना किस से की है ?

a. सूर्य से
b. सितारों से
c. सुबह से
d. चाँद से

प्रश्न-३८.परिवेष्टित शब्द का क्या अर्थ है ?

a. परिवेश
b. परिवार
c. परिजन

d. चारों ओर से घिरा हुआ

प्रश्न-३९. आच्छादित शब्द का क्या अर्थ है ?

a. पूरी तरह से ढका
b. छना हुआ
c. बुरा काम
d. अच्छा काम

प्रश्न-४०. भक्तिन पाठ किसके द्वारा उल्लिखित है?

a. महादेवी वर्मा
b. विष्णु खरे
c. हजारी प्रसाद द्विवेदी
d. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न-४१. महादेवी वर्मा का जन्म कहाँ हुआ ?

a. जमशेदपुर
b. आजमगढ़
c. फर्रुखाबाद
d. बांग्लादेश

प्रश्न-४२. महादेवी वर्मा को किस रचना के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया गया ?

a. नीरजा
b. यामा
c. संग्रह गीत
d. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न-४३.'भक्तिन' संस्मरण महादेवी वर्मा की किस कृति में संकलित है ?

a. स्मृति की रेखाएं
b. अतीत के चलचित्र
c. पथ के साथी
d. मेरा परिवार

प्रश्न-४४. भक्तिन कहाँ की रहने वाली थी ?

a. झालावाड
b. अहमदाबाद
c. झूंसी
d. झांसी

प्रश्न-४५.भक्तिन का कद कैसा था ?

a. लम्बा

b. छोटा
c. मझला
d. ठिगना

प्रश्न-४६. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था ?

a. लक्ष्मी
b. दुलारी
c. चंचला
d. कोकिला

प्रश्न-४७. भक्तिन के विवाह के समय उसकी उम्र कितनी थी ?

a. 7 वर्ष
b. 8 वर्ष
c. 9 वर्ष
d. 5 वर्ष

प्रश्न-४८. भक्तिन का विवाह किस गाँव में हुआ ?

a. हँडिया
b. मुरैना
c. गोपालपुर
d. समरपुर

प्रश्न-४९.भक्तिन का गौना किस आयु में हुआ था ?

a. 5 वर्ष की आयु में
b. 9 वर्ष की आयु में
c. 8 वर्ष की आयु में
d. 10 वर्ष की आयु में

प्रश्न-५०.सेवक धर्म में भक्तिन किससे स्पर्धा करने वाली थी ?

a. शबरी से
b. हनुमान से
c. लक्ष्मण से
d. भीम से

प्रश्न-५१.भक्तिन किस से डरती थी ?

a. लेखिका से
b. रसोई से
c. भगवान से
d. कारागार से

प्रश्न-५२.सिल्वर वेडिंग शादी का कौन सा साल होता है?

a. 15 वाँ
b. 20 वाँ
c. 25 वाँ
d. 50 वाँ

प्रश्न-५३.किशनदा का पूरा नाम क्या था ?

a. कृष्ण कुमार पाण्डेय
b. गोपी कृष्ण पाण्डेय
c. कृष्ण नाथ पाण्डेय
d. कृष्णानन्द पाण्डेय

प्रश्न-५४.यशोधर पंत अपनी घड़ी रोजाना सुबह-शाम किससे मिलाते थे ?

a. टी.वी.
b. दीवार घड़ी
c. रेडियो
d. इनमें से कोई नहीं

प्रश्न-५५.यशोधर पंत ने सिल्वर वेडिंग पार्टी के लिए ऑफिस वालो को कितने रुपए दिए ?

a. 20
b. 30
c. 40
d. 50

प्रश्न-५६.यशोधर पंत को चड्ढा की कौनसी बात इम्प्रॉपर महसूस होती है ?

a. मोहरी वाली पतलून
b. ऊंची एड़ी के जूते
c. A तथा B दोनों
d. इनमे से कोई नहीं

प्रश्न-५७.यशोधर बाबू को कौन सी सवारी निहायत बेहूदा लगती है ?

a. रेलगाड़ी
b. स्कूटर
c. साइकिल
d. ये सभी

प्रश्न-५८. यशोधर पंत के कितने बच्चे हैं ?

a. चार
b. पांच
c. छः
d. सात

प्रश्न-५९. यशोधर पंत का बड़ा लड़का क्या करता है ?

a. विज्ञापन कंपनी में नौकरी
b. अमेरिका में नौकरी
c. समाज सेवा
d. नगर निगम में नौकरी

प्रश्न-६०.यशोधर का तीसरा बेटा स्कॉलरशिप लेकर कहाँ चला गया ?

a. यूरोप
b. जापान
c. कनाडा
d. अमेरिका

प्रश्न-६१. यशोधर के जीजा का क्या नाम है ?

a. रामलाल जोशी
b. मोहन जोशी
c. श्याम चन्द्र जोशी
d. जनार्दन जोशी

प्रश्न-६२.यशोधर पंत बारबार किस शब्द का प्रयोग करते हैं ?

a. एक्स्क्यूस मी
b. ओह माई गॉड
c. इट्स ओके
d. सम्हाउ इम्प्रॉपर

प्रश्न-६३.यशोधर बाबू कौन से पद पर नियुक्त थे ?

a. इंस्पेक्टर
b. सेक्शन ऑफिसर
c. बैंक मैनेजर
d. प्रिंसिपल

प्रश्न-६४.पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं?

a. सात
b. पाँच
c. तीन
d. दो

प्रश्न-६५.पूर्णकालिक पत्रकार किसे कहते हैं?

a. समाचार संस्था में सवैतनिक काम करने वाला
b. जो पूरे समय काम करता है
c. जीवन भर काम करने वाला

d. अपनी मर्जी से कार्य करने वाला

प्रश्न-६६.फ्रीलांसर यानी स्वतंत्र पत्रकार क्या होता है?

a. अपनी मर्जी से कार्य करने वाला
b. जो फ्री (मुफ्त) में काम करता है
c. पत्रकारिता से मुक्त हो चुका व्यक्ति
d. भुगतान के आधार पर काम करने वाला

प्रश्न-६७.समाचार पत्र की आवाज किसे माना जाता है?

a. फीचर
b. संपादक के नाम पत्र
c. संपादकीय
d. स्तंभ लेखन

प्रश्न-६८.समाचार लेखन के कितने ककार हैं?

a. छह
b. सात
c. पाँच
d. चार

प्रश्न-६९.समाचार की बॉडी लिखते समय किन ककारों का प्रयोग किया जाता है?

a. कैसे और क्यों
b. कब और कहाँ
c. क्या और कैसे
d. यह सभी

प्रश्न-७०.फ़ीचर-लेखन किसे कहते हैं?

a. फ़ीचर उलटा पिरामिड शैली का लेखन है
b. फ़ीचर लेखन तय शब्द सीमा में होता है
c. फ़ीचर लेखन सिर्फ कपोल कल्पना है
d. फ़ीचर सुव्यवस्थित,सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन है
e.

प्रश्न-७१.विशेष रिपोर्ट क्या होती है?

a. किसी घटना,समस्या या मुद्दे की गहरी छानबीन
b. महत्वपूर्ण तथ्यों को एकत्रित करना
c. उपरोक्त दोनों
d. इनमे से कोई तथ्य नहीं

प्रश्न-७२.जिस रिपोर्ट में मौलिक शोध और छानबीन करके तथ्यों, भ्रष्टाचार,और गड़बड़ियों को उजागर किया जाता है, उसे क्या कह सकते हैं?

a. खोजी रिपोर्ट
b. इन डेप्थ रिपोर्ट
c. विश्लेषणात्मक रिपोर्ट
d. संदेहास्पद रिपोर्ट

प्रश्न-७३.किस रिपोर्ट में सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध तथ्यों की छानबीन की जाती है और सभी पहलुओं को सामने लाया जाता है?

a. नई रिपोर्ट
b. खोजी रिपोर्ट
c. इन डेप्थ रिपोर्ट
d. आन्तरिक रिपोर्ट

प्रश्न-७४.ऑप-एड पृष्ठ क्या होता है?

a. समाचार पत्र का पहला पृष्ठ
b. सम्पादकीय के सामने वाला पृष्ठ
c. अखबार का अतिरिक्त पृष्ठ
d. विज्ञापन वाला पृष्ठ

प्रश्न-७५.वह लेख, जिसमें किसी मुद्दे के प्रति समाचार-पत्र अपनी सजग राय देता है, क्या कहा जाता है?

a. स्तंभ लेखन
b. कार्टून
c. सम्पादकीय
d. पाठकों का पत्र

****

प्रश्न बैंक 2021

कक्षा १२(आधार)

अपठित गद्यांश ,अपठित पद्यांश ,एक गीत,कविता के बहाने, बाज़ार दर्शन, काले मेघा पानी दे ,जूझ , पत्रकारीय लेखन के विभिन्न रूप|

१ अपठित गद्यांश –

शिक्षा जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु अनिवार्य है| शिक्षा के बिना मनुष्य विवेकशील और शिष्ट नहीं बन सकता| विवेक से मनुष्य में सही और गलत का चयन करने की क्षमता उत्पन्न होती है| विवेक से ही मनुष्य के भीतर उसके चारों ओर घटते घटनाक्रमों के प्रति एक उचित दृष्टिकोण उत्पन्न होता है|शिक्षा ही मानव को मानव के प्रति मानवीय भावनाओं से पोषित करती है| शिक्षा से मनुष्य अपने परिवेश के प्रति जागृत होकर कर्तव्याभिमुख हो जाता है| 'स्व' से 'पर' की ओर अग्रसर होने लगता है| निर्बल की सहायता करना ,दुखियों के दुख दूर करने का प्रयास करना, दूसरों के दुख से दुखी हो जाना और दूसरों के सुख से स्वयं सुख का अनुभव करना जैसी बातें एक शिक्षित मानव में सरलता से देखने को मिल जाती हैं | इतिहास, साहित्य,राजनीति शास्त्र ,समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र इत्यादि पढ़कर विद्यार्थी विद्वान ही नहीं बनता वरन उसमें एक विशिष्ट जीवन दृष्टि , रचनात्मकता और परिपक्वता का सर्जन भी होता है | शिक्षित सामाजिक परिवेश में व्यक्ति अशिक्षित सामाजिक परिवेश की तुलना में सदैव ही उच्च स्तर पर जीवन यापन करता है |आज के आधुनिक युग में शिक्षा का अर्थ बदल रहा है| शिक्षा भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति का साधन बनती जा रही है| व्यावसायिक शिक्षा के अंधानुकरण से छात्र सैद्धांतिक शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं| जिसके कारण रूस की क्रांति,फ्रांस की क्रांति ,अमेरिकी क्रांति ,समाजवाद, पूंजीवाद राजनीतिक व्यवस्था ,सांस्कृतिक मूल्यों आदि की सामान्य जानकारी भी व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को नहीं है| यह शिक्षा का विशुद्ध रोज़गारोन्मुखी रूप है |शिक्षा के प्रति इस प्रकार का संकुचित दृष्टिकोण अपनाकर विवेकशील नागरिकों का निर्माण नहीं किया जा सकता | भारत जैसे विकासशील देश में शिक्षा रोज़गार का साधन न होकर साध्य हो गई है |इस कुप्रवृत्ति पर अंकुश लगाना आवश्यक है| जहां मानविकी के छात्रों को पत्रकारिता, साहित्य सृजन, विज्ञापन ,जनसंपर्क इत्यादि कोर्स भी कराए जाने चाहिए,ताकि उन्हें रोज़गार के लिए भटकना न पड़े ,वहीं व्यावसायिक कोर्स करने वाले छात्रों को मानविकी के विषय जैसे इतिहास ,साहित्य,राजनीति शास्त्र, दर्शन आदि का थोड़ा-बहुत अध्ययन अवश्य करना चाहिए, ताकि समाज को विवेकशील नागरिक प्राप्त होते रहें, तभी समाज में संतुलन बना रह सकेगा |

1. मनुष्य में सही और गलत का चयन करने की क्षमता किससे उत्पन्न होती है?
   A. शिक्षा से
   B. शिष्टाचार
   C. विवेक से
   D. सतर्कता
2. 'स्व' से 'पर' की ओर अग्रसर होने से क्या तात्पर्य है?
   A. स्वयं को भूल जाना
   B. स्वयं से पराया हो जाना
   C. परोपकार करना
   D. स्वार्थी हो जाना

3 एक शिक्षित व्यक्ति में समाज कल्याण हेतु किन बातों का होना आवश्यक है
   A. निर्बल की सहायता करना
   B. दूसरों के दुख से दुखी हो जाना
   C. दुखियों के दुख दूर करने का प्रयास करना
   D. उपरोक्त सभी

4 शिक्षा के द्वारा मनुष्य में कैसी भावना उत्पन्न होती है
   A. भौतिक उन्नति की
   B. वसुधैव कुटुंबकम की
   C. स्वार्थ पूर्ति की
   D. अनुशासनहीनता की

5. 'शिक्षा भौतिक आकांक्षा की पूर्ति का साधन बनती जा रही है', पंक्ति से क्या आशय है ?

A. व्यावसायिक शिक्षा मनुष्य को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराती है-
B. व्यावसायिक शिक्षा वर्तमान में मात्र धन कमाने का साधन बनती जा रही है
C. व्यवसायिक शिक्षा मनुष्य के लक्ष्य प्राप्ति का साधन बन रही है
D. व्यावसायिक शिक्षा मानवीय मूल्यों का विस्तार करने का साधन है

6.व्यवसायिक शिक्षा के अंधानुकरण का क्या परिणाम सामने आया है

A. छात्र सैद्धांतिक शिक्षा से दूर होते जा रहे हैं
B. छात्र का सर्वांगीण विकास तीव्र गति से हो रहा है
C. छात्र सामाजिक होते जा रहे हैं
D. छात्र अपना उत्तरदायित्व स्वयं उठा रहे हैं

7.व्यवसायिक शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों को किस की जानकारी नहीं है

A. राजनीतिक व्यवस्था की
B. सांस्कृतिक मूल्यों की
C. सामान्य इतिहास की
D. उपरोक्त सभी

8 गद्यांश के अनुसार विवेकशील नागरिकों का निर्माण करने में किसे बाधक माना गया है

A. आधुनिक शिक्षा को
B. शिक्षा के प्रति संकुचित दृष्टिकोण को
C. समतामूलक समाज को
D. शिक्षा के प्रति व्यापक दृष्टिकोण को

9 व्यावसायिक कोर्स करने वाले छात्रों को किसका अध्ययन करना चाहिए

A. पूंजीवाद का
B. समाज व्यवस्था का
C. मानविकी विषय का
D. मानव मूल्य का

10. गद्यांश में किस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की बात की गई है

A. शिक्षा रोज़गार प्राप्ति का साधन ना होकर साध्य बनने की
B. शिक्षा के सर्वांगीण विकास की
C. शिक्षा के रोजगारोन्मुखी ना होने की
D. शिक्षा के बढ़ते मूल्य को कम करने की

2 अपठित पद्यांश

सोने चांदी से नहीं किंतु
तुमने मिट्टी से किया प्यार |
हे ग्राम देवता! नमस्कार !
जन- कोलाहल से दूर
कहीं एकाकी सिमटा- सा निवास,
रवि- शशि का उतना नहीं
कि जितना प्राणों का होता प्रकाश,
श्रम -वैभव के बल पर करते हो
जड़ में चेतन का विकास,
दानों-दानों से फूट रहे
सौ- सौ दानों के हरे हास,
यह है न पसीने की धारा
यह गंगा की है धवल धार
हे ग्राम देवता! नमस्कार!
तुम जन- मन के अधिनायक हो
तुम हंसो कि फूले- फले देश
आओ, सिंहासन पर बैठो
यह राज्य तुम्हारा है अशेष !

उर्वरा भूमि के नए खेत के
नए धान्य से सजे देश
तुम भू पर रहकर भूमि भार
धारण करते हो मनुज- शेष
अपनी कविता से आज तुम्हारी
विमल आरती लूँ उतार!
हे ग्राम देवता! नमस्कार!

11. ग्राम देवता का निवास स्थान जन कोलाहल से दूर एकांत में सिमटा हुआ क्यों है
   A. अपनी मिट्टी से प्रेम होने के कारण
   B. स्वयं को अन्य से भिन्न समझने के कारण
   C. अपने हठी स्वभाव के कारण
   D. ईश्वर में आस्था एवं विश्वास के कारण

12.कवि ने किसान के पसीने की धारा की तुलना गंगा की धवल धारा से क्यों की है
   A. किसान का कठोर परिश्रम भी गंगा के समान मानवता के लिए उपयोगी है
   B. किसान के पसीने की धारा थोड़े समय के लिए बहती है
   C. गंगा की धारा किसान के पसीने की धारा से भिन्न है।
   D. गंगा और किसान दोनों का अपना अपना अस्तित्व है।

13.कवि किसान को ऊंचे सिंहासन पर बैठाना क्यों चाहता है ?
   A. क्योंकि किसान का जीवन अभावों से घिरा होता है
   B. क्योंकि किसान के कठोर परिश्रम के द्वारा समाज का कल्याण होता है
   C. क्योंकि कवि को किसान से लगाव है
   D. क्योंकि किसान मिट्टी से जुड़ा हुआ है

14. किसान के अथक परिश्रम करने तथा हंसने से क्या होता है
   A. उसके परिवार का पालन पोषण होता है
   B. देश, समाज,फलता- फूलता एवं विकसित होता है
   C. धन एवं भोजन प्राप्त होता है
   D. वह शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है

15 .किसान किसके बल पर अचेतन में चेतन का विकास करता है
A वैभव
B असीमित संपदा
C परिश्रम
D

16. हरिवंश राय बच्चन किस वाद के प्रवर्तक माने जाते हैं ?
A- समाजवाद
B- पूंजीवाद
C- प्रयोगवाद
D- हालावाद

17 मुझसे मिलने को कौन विकल ? - दिन जल्दी जल्दी ढलता है, गीत का यह प्रश्न उर में क्या भरता है ?
A- चंचलता
B- विह्वलता
C- आक्रमकता
D- शत्रुता

18 दिन जल्दी जल्दी ढलता है - कविता हरिवंश राय बच्चन के किस काव्य संग्रह से ली गई है
A मधुशाला
B- मधुबाला
C- आत्मपरिचय
D- निशा निमंत्रण

19 दिन जल्दी जल्दी ढलता है में कौन सा अलंकार है ?

A- यमक
B- रूपक
C- अनुप्रास
D- उपमा

20 नीड़ का अर्थ है ____________

A- पहाड़
B- घोंसला
C- पथ
D- नदी

21.कविता के बहाने' कृति के रचनाकार का क्या नाम है ?

A. कुँवर सिंह
B. कुँवर नारायण
C. रघुवीर सहाय
D. आलोक श्रीवास्तव

22. कुँवर नारायण द्वारा रचित प्रबंध-काव्य कौन सा है ?

A. रश्मिरथी
B. उर्वशी
C. आत्मजयी
D. कामायनी

23 कविता पंख लगाकर कहाँ-कहाँ उड़ सकती है ?

A. आंतरिक मन तक
B. बाहय समाज तक
C. इस घर से उस घर तक
D. उपरोक्त सभी

24. 'कविता के पंख लगा उड़ने' से क्या तात्पर्य है ?

A. कल्पना करना
B. व्यर्थ लिखना
C. स्पस्ट करना
D. आकाश में उड़ना

25 प्रस्तुत कविता में 'माने' शब्द का क्या अर्थ है ?

A. मनका
B. मायने, अर्थ
C. मटका
D. महक

26 सभी घरों को एक समान करने के बहाने कौन जानता है ?

A. बच्चा
B. परिवार
C. बुजुर्ग
D. अध्यापक

27. कुँवर नारायण द्वारा रचित काव्य-संग्रह कौन सा है ?

A. चक्रव्यूह
B. परिवेश हम-तुम
C. इन दिनों
D. उपरोक्त सभी

28. 'सब घर एक कर देने' का क्या आशय है ?

A. सीमा में रहना
B. भेदभाव नहीं रखना
C. तोड़-फोड़ करना

D. सबके घर घूमना

29. प्रस्तुत कविता के अनुसार 'कविता' किसका खेल है ?

A. बच्चों का
B. चिड़िया का
C. शब्दों का
D. फूलों का

30 'बिना मुरझाए महकने के माने' पंक्ति में क्या अलंकार है ?

A. उपमा अलंकार
B. उत्प्रेक्षा अलंकार
C. रूपक अलंकार
D. अनुप्रास अलंकार

31. Q1. जेनेन्द्र जी के साहित्य पर किसका प्रभाव है ?

A. साम्यवाद का
B. गाँधीवाद का
C. रोमांसवाद का
D. रोमांचवाद का

32 पैदल चलते हुए लेखक के पास से क्या गुजरा था ?

A. आदमी
B. मोटर
C. रेलगाड़ी
D. हाथी

33. असंतोष, तृष्णा और ईर्ष्या मनुष्य को क्या बना देते हैं ?

A. संयमी
B. संतोषी
C. बहादुर
D. बेकार

34. पाठ के अनुसार इस संसार में पूर्ण कौन है ?

A. योगी
B. प्रकृति
C. परमात्मा
D. आदमी

35. चूरन बेचने वाले भगत जी कैसे व्यक्ति थे ?

A. संतोषी
B. लालची
C. घमंडी
D. निर्धन

36. 'बाजार दर्शन' पाठ में चूरन वाले द्वारा रोजाना छह आने कमाए जाने का वर्णन लेखक ने किया है, यहाँ एक आना कितने पैसे के बराबर है ?

A. दो पैसे
B. चार पैसे
C. छह पैसे
D. बारह पैसे

37 'बाज़ार दर्शन' पाठ में लेखक डॉ. मिश्र किसके साथ बाजार गये थे ?

A. पत्नी के साथ
B. बेटे के साथ
C. मित्र के साथ

D. चाचा के साथ

38. पाठ में प्रयुक्त शब्द 'हरज' का क्या अर्थ है ?

A. समय
B. सीमा
C. बुराई
D. अपमान

39 . जैनेन्द्र कुमार ने बाजार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र को क्या कहा है ?

A. राजनिति शास्त्र
B. सामाजिक शास्त्र
C. अनितिशास्त्र
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

40 पाठ के अनुसार धन की ओर कौन झुकता है ?

A. निर्धन
B. विवश
C. निर्बल
D. असहाय

. 41 धर्मवीर भारती जी का जन्म कब हुआ था ?

A. सन् 1905 ई० तक
B. सन् 1916 ई० तक
C. सन् 1926 ई० तक
D. सन् 1928 ई० तक

42 धर्मवीर भारती जी कौनसे सन् में धर्मयुग पत्र के सम्पादक पद से सेवानिवृत हुए थे ?

A. सन् 1985 ई० में
B. सन् 1986 ई० में
C. सन् 1988 ई० में
D. सन् 1990 ई० में

43 'गगरी फूटी कौन पियासा' प्रस्तुत पंक्ति में प्यासा कौन है ?

A. पथिक
B. पंडित
C. कृषक
D. बैल

44. बच्चों की टोली 'पानी दे मैया' कहकर किस सेना के आने की बात कहती है ?

A. बल सेना की
B. राम सेना की
C. वानर सेना की
D. इंद्र सेना की

45 जहाँ जुताई होनी थी वहाँ खेत की मिट्टी सूख कर क्या हो जाती थी ?

A. राख
B. रेत
C. पत्थर
D. कोयल

46.लेखक के व्यक्तित्व पर किसके संस्कारों का प्रभाव था ?

A. राष्ट्रवाद के
B. समाजवाद के
C. आर्य समाज के
D. मार्कर्सवाद के

47. लेखक बचपन में किस सभा का मंत्री था ?

A. समाज-सुधारक
B. देश-निर्माण
C. नव-निर्माण
D. कुमार-सुधार

48.ऋषि-मुनियों ने किसे ऊँचा स्थान दिया है ?

A. मान को
B. दान को
C. प्राण को
D. आन को

49. जीजी के लड़के ने किस आन्दोलन में पुलिस की लाठी खाई थी ?

A. नमक आन्दोलन में
B. विदेशी वस्त्र आन्दोलन में
C. भूदान आन्दोलन में
D. राष्ट्रीय आन्दोलन में

50. हर छठ पर लेखक छोटी रंगीन कुल्हियों में क्या भरता है ?

A. पंजीरी
A. बूंदी
B. मिठाई
C. भूजा

51 जूझ पाठ के लेखक का क्या नाम HAI

A. ओम थानवी
B. मनोहर श्याम जोशी
C. आनंद यादव
D. एन फ्रैंक

52. जूझ पाठ के अनुसार लेखक के घर कोल्हू कब शुरू होता था ?

A. साल की शुरुआत में
B. होली पर
C. .दिवाली के बाद
D. .नवरात्रि में

.

53 लेखक अपने दादा के सामने बोलने की हिम्मत क्यों नहीं करता था ?

A. वह अपने पिता से बहुत डरता था
B. उसके पिता बहुत गुस्सैल और हिंसक थे
C. वह बात -बात पर लेखक पर नाराज़ होते थे
D. उपरोक्त सभी

.

54 लेखक पढना क्यों चाहता था ?

A. उसके अनुसार खेती में कोई भविष्य नहीं है
B. पढ़ -लिखकर नौकरी करना चाहता था
C. नौकरी करके या व्यापार करके धन कमाया जा सकता है
D. उपरोक्त सभी

55.लेखक का दादा कोल्हू जल्दी क्यों चलाता था ?

A. वह बहुत मेहनती था
B. वह अपने बनाए गुड़ के अच्छे दाम प्राप्त करना चाहता था
C. वह अपने हर कार्य को सबसे पहले करना चाहता था
D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

56.दादा ने लेखक को खेती के कार्य में क्यों लगा दिया ?

A. वह लेखक को खेती के कार्य सिखाना चाहता था
B. वह स्वयं स्वतंत्र रहकर नगर में घूमना चाहता था
C. वह लेखक के भविष्य के बारे में सोचता था
D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

57.दादा राव सरकार का नाम सुनते ही उनसे मिलने क्यों चला गया ?

A. राव सरकार गाँव के सम्मानित व्यक्ति थे
B. दादा ने राव सरकार से उधार ले रखा था
C. दादा राव सरकार से डरता था
D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

58.राव सरकार ने दादा को किस -किस बात के लिए डांटा ?

A. खेतों की तरफ ध्यान न देने के लिए
B. फसल में लागत न लगाने के लिए
C. लेखक की पढाई छुडवाने के लिए
D. उपरोक्त सभी

59.राव साहब ने लेखक को क्या निर्देश दिया ?

A. वह कल से स्कूल आना शुरू करे
B. वह मन लगाकर पढाई करे
C. यदि उसका पिता उसे स्कूल न भेजे तो वह उनके पास आ जाए
D. उपरोक्त सभी

60.लेखक ने राव साहब के सामने किस प्रकार अपना पक्ष रखा ?

A. उसका दादा कभी उसे सिनेमा देखने के लिए पैसे नहीं देता
B. उसने कंडे बेचकर प्राप्त धन से कपड़े सिलवाए
C. वह यहाँ- वहाँ कंडे बेचने के लिए घूमता है
D. उपरोक्त सभी

61. निम्न में से समाचार का तत्व नहीं है?

A. नवीनता
B. निकटता
C. कूटीकरण
D. अनोखापन

62. भारत में पहला छापाखाना खुला था?

A. गोवा में
B. मुंबई में

C. मद्रास में
D. दिल्ली में

63. 'ककार' की संख्या है?
A. 8
B. 5
C. 6
D. 7

64. निम्न में से कौनसा माध्यम दृश्य-श्रव्य माध्यम है?
A. टेलीविजन
B. रेडियो
C. अखबार
D. पत्र-पत्रिकाएं

65. किस पत्रकार का संबंध किसी खास अखबार से नहीं होता है, बल्कि वह भुगतान के आधार पर अलग-अलग अखबारों के लिए लिखता है।
A. फ्रीलांसर
B. संवाददाता
C. अंशकलिक पत्रकार
D. इनमे से कोई नहीं

66. वह पत्रकारिता जो सरकार के कामकाज पर निगाह रखती है तथा भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करती है
A. एडवोकेसी पत्रकारिता
B. वैकल्पिक पत्रकारिता
C. खोजी पत्रकारिता
D. वॉच डॉग पत्रकारिता

67. पत्रकारिता का तात्पर्य ऐसी पत्रकारिता से है जिसमें फ़ैशन, अमीरों की पार्टियों, महफ़िलों और जाने-माने लोगों (सेलीब्रिटी) के निजी जीवन के बारे में बताया जाता है।
A. न्यूज़पेग
B. एडवोकेसी पत्रकारिता
C. पेज थ्री पत्रकारिता
D. इनमे से कोई नहीं

68. इस शब्द का सबसे पहले इस्तेमाल उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में अमेरिका में कुछ प्रमुख समाचार पत्रों के बीच पाठकों को आकर्षित करने के लिए छिड़े संघर्ष के लिए किया गया था।
A. न्यूज़पेग
B. पीत पत्रकारिता (येलो जर्नलिज़्म)
C. पेज थी पत्रकारिता
D. इनमे से कोई नहीं

69. संवाददाता का प्रकार नहीं है
A. स्थाई
B. अस्थाई
C. स्वतंत्र
D. रिपोर्टर

70. भारत की पहली वेब पत्रकारिता साइट कौन सी है
A. बीबीसी
B. याहू
C. रेडिफ
D. तहलका डॉट कॉम

71. वेबसाइट पर विशुद्ध पत्रकारिता की शुरुआत किसने की
A. रेडिफ
B. बीबीसी

C. याहू
D. तहलका डॉट कॉम

72 रेडियो समाचार----------- शैली में लिखे जाते हैं
A. चित्रात्मक
B. उल्टा पिरामिड
C. लाइव
D. संवाद

73. समाचार पत्र में बड़ी शक्ति है,ठीक वैसी ही जैसी कि पानी के जबरदस्त प्रवाह में होती है।
A. नज़ीर अकबराबादी
B. रघुवीर सहाय
C. महात्मा गांधी
D. गणेश शंकर विद्यर्थी

74. सबसे महत्वपूर्ण तथ्य या सूचना को सबसे ऊपर रखना और उसके बाद घटते हुए महत्वक्रम में सूचनाएं देना
A. लीड
B. फीचर
C. संपादकीय
D. उलटा पिरामिड शैली

75.समाचार लेखन के छह ककारों का सर्वाधिक उपयुक्त क्रम कौन सा हो सकता है।
A. क्या ,कौन,कहाँ,कब,क्यों,कैसे
B. कैसे,क्यों,कब,कहाँ,कौन,क्या
C. क्यों,क्या,कैसे,कौन,कब,कहाँ
D. क्या,कैसे,क्यों,कब,कहाँ